# 'एयरपोर्ट एक्सप्रेस' कल से दो रूटों पर दौड़ेगी

सिटी ट्रांसपोर्ट



पटना | कार्यालय संवाददाता

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम गांधी मैदान से पटना एयरपोर्ट के लिए एयरपोर्ट एक्सप्रेस की शुरुआत 24 जनवरी से करने जा रहा है। एयरपोर्ट से आम नागरिकों को गंतव्य स्थान तक पहुंचाने के लिए यह बस सेवा शुरू की जा रही है। दो रूटों पर दो बसों का परिचालन होगा।

पहला रूट गांधी मैदान से स्टेशन होकर इनकम टैक्स गोलंबर, बेली रोड होकर शेखपुरा मोड़ से एयरपोर्ट तक होगा। इस रूट की बस का नम्बर 200 होगा। दूसरा रूट गांधी मैदान से पटना जंक्शन से आर ब्लॉक होकर हज भवन होते हुए पटना एयरपोर्ट तक होगा। इस रूट की बस का नम्बर 100 होगा। हालांकि निगम की अन्य सिटी बसों की अपेक्षा एयरपोर्ट एक्सप्रेस की बसों का किराया अधिक रहेगा।

परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि एयरपोर्ट से सफर करना सस्ता हो गया है। आम आदमी भी हवाई सफर कर रहा है। लेकिन पटना एयरपोर्ट से निकलने में डेढ़ सौ से दो सौ रुपये लग रहे हैं। इससे आम जनता पर अधिक बोझ पड़ रहा है। इस बस में भी महिला, बुजुर्ग, विकलांग और ट्रांसजेंडर के लिए 65 प्रतिशत सीटें आरक्षित होंगी। बस सीसीटीवी कैमरा और जीपीएस लैस है। सुबह छह बजे से जब तक फ्लाइट आएगी तब तक बस चलेगी ।

- सुबह छह बजे से जब तक फ्लाइट आएगी तब तक चलेंगी बसें
- रूट नंबर 100 और 200 के नाम से होगी बस सेवा

## छात्राओं के लिए स्पेशल बसों में पैनिक बटन व जीपीएस भी होंगे

**पटना।** छात्राओं के लिए स्पेशल चलाने की कवायद तेज हो गई है। अरविन्द महिला कॉलेज और गंगा देवी कॉलेज के लिए अब रूट सर्वे का काम शुरू होगा। मगध महिला, पटना वीमेंस कॉलेज और जेडी वीमेंस कॉलेज के लिए सर्वे का काम पूरा हो चुका है। महिला कॉलेजों के लिए शुरू होने वाली बस में पैनिक बटन और जीपीएस भी रहेगा। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि मंगलवार को ही कॉलेज प्रतिनिधियों के साथ बैठक होने वाली थी, लेकिन मुख्यमंत्री की बैठक के कारण स्थगित करनी पड़ी। अब बुधवार को बैठक कर आगे की रणनीति बनेगी। इस बैठक में बसों का परिचालन करने की तारीख की घोषणा भी की जा सकती है। इधर छात्र नेत्री अंशु कुमारी ने बताया कि अरविन्द महिला कॉलेज आने-जाने वाली छात्राओं को काफी परेशानी उठानी पड़ती है।